# IQAC MEETING - 11th

Date - 02/04/2025

सांदीपनी एकेडमी महाविद्यालय में IQAC की पूर्णकालिक बैठक दिनांक 02/04/2025 को दोपहर 2.00 बजे से शिक्षा विभाग के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता IQAC की Chairperson तथा प्राचार्य डॉ॰ रीता सिंह ने की।

बैठक में मुख्य रूप से निम्न एजेंडों पर चर्चा की गई -

1. NAAC में A Grade प्राप्त होने।
2. महाविद्यालय में IIC और E-cell गठन पर चर्चा।
3. IQAC के बाह्य सदस्यों का 2 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात् अभी विदाई तथा नये IQAC Composition का गठन।
4. Summer Vacation से पहले Academic Session 2025-26 के लिए academic Plan तथा Annual Activity Calendar बनाने पर चर्चा।
5. AQAR Session 2023-24 भरे जाने पर चर्चा।
6. Teacher का Teaching Evaluation External Expert द्वारा कराये जाने पर चर्चा।

⇒ बैठक में सर्वप्रथम IQAC की chairperson तथा प्राचार्य डॉ॰ रीता सिंह के द्वारा बैठक में उपस्थित संस्था के डायरेक्टर श्री महेन्द्र चौबे सर एवं अन्य सभी सदस्यों का अभिवादन और औपचारिक स्वागत किया गया तथा महाविद्यालय के NAAC में A Grade प्राप्त होने पर सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

⇒ इसके पश्चात् IQAC Coordinator श्री राम खिलावन साहू ने पिछले मीटिंग में कार्यवाही

की समीक्षा प्रस्तुत किये। इसके पश्चात बताये कि महाविद्यालय को NAAC में पूर्व में B++ Grade 2.97 CGPA के साथ प्राप्त हुआ था, जिसके पश्चात हमने अपील दायर किया तथा अपील के पश्चात हमें 3.04 CGPA के साथ A Grade प्राप्त हुआ जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय रहा। आगे उन्होंने IIC तथा E-Cell की गठन करने के लिए सभी सदस्यों के समक्ष अपने सुझाव रखे तथा बताया आने वाला समय विद्यार्थियों को सिर्फ शैक्षिक स्तर पर ही नहीं बल्कि उद्यमिता के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसके लिए महाविद्यालय में Institution Innovation Cell तथा Entrepreneur-ship Cell की गठन करने की आवश्यकता होगी। महाविद्यालय में नये Academic Session के लिए Academic Plan तथा Annual Activity Calendar बनाने के बारे में जानकारी प्रदान किये तथा Session 2023-24 का AQAR भरने के बारे में अवगत कराया गया।

⇒ IQAC के पूर्व मीटिंग पर सभी के द्वारा समीक्षात्मक चर्चा की गई।

⇒ संस्था के डायरेक्टर श्री महेन्द्र चौबे सर ने सभी को 'A' Grade प्राप्त होने पर बधाई दी तथा कहा कि यह सब आप सभी के अथक परिश्रम से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि NAAC के Manual के अनुसार पूरे Academic गतिविधियों का संचालन करना सुनिश्चित करें तथा IIC एवं E-Cell की गठन को मंजुरी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

महाविद्यालय का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने आने वाले समय में शिक्षकों की गुणवत्ता के लिए Teaching Skill Presentation कराने की बात भी कही गई।

⇒ External Expert Dr. Vibha Mishra ने भी महाविद्यालय को 'A' Grade प्राप्त होने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की अधोसंरचना तथा शैक्षणिक गुणवत्ता के अनुसार 'A' Grade प्राप्त होना ही था। महाविद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अनुकूल माहौल है। Academic Calendar तथा Activity Calendar में NAAC के मापदंड को सक्रियता से शामिल करने हेतु सुझाव दिये।

⇒ शशांक तिवारी सर ने भी महाविद्यालय प्रबंधन तथा सभी स्टॉफ को 'A' Grade प्राप्त होने की बधाई दी तथा IIC तथा E-Cell के गठन को सही बताया तथा IIC को शिक्षा मंत्रालय के Innovation Portal पर Registered कराने की भी सलाह दिये, उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए तैयार करना एक अच्छा प्रयास रहेगा। यह एक शिक्षा महाविद्यालय के एक अनूठा पहल होगा।

⇒ प्राचार्य डॉ. रीता सिंह ने बताया कि Academic Plan तथा Activity Calendar इस सत्र से NAAC के अनुसार बनाया जायेगा।

AQAR 2023-24 की तैयारी चल रही है जैसे ही NAAC का AQAR Portal open होगा हम AQAR 2023-24 को जमा करने के लिए तैयार है, तथा सभी शिक्षकों के द्वारा LMS Updation तथा N-List पर login Regular Basis पर हो रहा है। प्राचार्य डॉ० रीता सिंह ने सभी बाह्य सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया कि NAAC के IQAC Composition के अनुसार बाह्य सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्षों का होता है, तथा आप सभी का कार्यकाल नियमानुसार पूरा हो चुका है। तथा IQAC के नये Composition का गठन करना होगा। उन्होंने सभी बाह्य सदस्यों के अमूल्य सहयोग एवं गुणवत्ता संवर्धन के लिए धन्यवाद देते हुए भावभीनी विदाई दी।

⇒ अंत में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती प्रीति मजुमदार द्वारा Meeting में उपस्थित IQAC के सभी बाह्य एवं आंतरिक सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया गया।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए-

| क्र० | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० रीता सिंह | अध्यक्ष | R. Singh |
| 2. | श्री महेन्द्र चौबे | प्रबंधक सदस्य | [signature] |
| 3. | डॉ० जी० ए० घनश्याम | स्थानीय समाज से मनोनीत | |

Page :
Date : / /

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | श्रीमती आर. सेरवधिर सेल्वी | प्रशासनिक अधिकारी | [signature] |
| 5. | डॉ. विभा मिश्रा | प्रशासनिक अधिकारी | [signature] |
| 6. | श्री शशांक तिवारी | नियोजक मनोनीत | [signature] |
| 7. | श्री संतोष कुमार सिन्हा | हितधारक मनोनीत | [signature] |
| 8. | श्री प्रफुल्ल सुमन | औद्योगिक मनोनीत | [signature] |
| 9. | श्री राम खिलावन साहू | IQAC समन्वयक | [signature] |
| 10. | डॉ. दीप्ति सिंह राठौर | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 11. | डॉ. ताराचंद तिवारी | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 12. | श्रीमती मोना वर्मा | शिक्षक प्रतिनिधि | M. Verma |
| 13. | श्रीमती प्रीति मजुमदार | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 14. | श्रीमती सुचित्रा डे | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 15. | श्रीमती सुधा गोयल | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 16. | श्रीमती सोनाली दास | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 17. | सुश्री रेणु साहू | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 18. | श्री मुकेश खटले | शिक्षक प्रतिनिधि | [signature] |
| 19. | श्री जय चौधरी | विद्यार्थी | [signature] |
| 20. | श्री रामचंद्र पटेल | पूर्व छात्र | R. Patel |

[signature]

प्राचार्य

Principal
SANDIPANI ACADEMY
Pendri (Masturi), Bilaspur (C.G.)